तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



18 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय...





16 रिसाली निगम का पहला सफाई टेंडर फेल...






2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


# मेहरबान हुए मेघ, तीन घंटे की झमाझम बारिश से खिल उठे किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूरे जून महीने बारिश का इंतजार करते-करते आखिरकार गुरुवार को जिलेवासियों की आस पूरी हो गई। समय पर मानसून सक्रिय नहीं होने से किसान जहां खेती-किसानी को लेकर चिंतित थे, वहीं लगातार बढ़ती उमस और गर्मी ने आमजन का भी जीना मुश्किल कर दिया था। आषाढ़ माह के दूसरे दिन मौसम ने अचानक करवट ली और बिना गरज-चमक तथा तेज आंधी के शांत वातावरण में लगभग तीन घंटे तक लगातार रिमझिम बारिश होती रही। इस बारिश ने जिलेभर में राहत की फुहारें बिखेर दीं और किसानों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटा दी। सुबह से आसमान में बादलों का डेरा बना रहा। दोपहर बाद शुरू हुई बारिश धीरे-धीरे तेज होती गई और लगातार कई घंटों तक होती रही। बारिश का सिलसिला थमने के बाद खेतों में पानी भर गया, जिससे धान की बोनी के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं। गांवों की पगडंडियों, निचले इलाकों, तालाबों और खेत-खलिहानों में भी पानी का भराव देखने को मिला। लंबे समय से सूखी पड़ी धरती ने जैसे पहली अच्छी बारिश का स्वागत किया। जून माह में अपेक्षित वर्षा नहीं होने के कारण जिले के किसान खेती की तैयारियां पूरी करने के बावजूद आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे थे। पर्याप्त नमी नहीं मिलने से धान की बुवाई शुरू नहीं हो पा रही थी। कई किसानों ने बीज और खाद की व्यवस्था तो कर ली थी, लेकिन बारिश के अभाव में खेतों में उतरने का इंतजार कर रहे थे। गुरुवार की बारिश ने उनकी उम्मीदों को नया जीवन दे दिया है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी नियमित बारिश होती रही तो धान की बोनी तेजी से शुरू हो जाएगी और खरीफ सीजन बेहतर रहने की संभावना है।

## जूनभर बारिश का इंतजार रहा, आषाढ़ के दूसरे दिन बरसे बादल



### उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत

बारिश ने केवल किसानों को ही राहत नहीं दी, बल्कि शहर और गांवों में रहने वाले लोगों को भी उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली। मौसम सुहावना होने से बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों के चेहरे खिले नजर आए। बच्चों ने बारिश का आनंद लिया, वहीं कई जगह लोगों ने भीगकर मौसम का स्वागत किया। मौसम विभाग के अनुसार मानसून अब जिले में सक्रिय होने लगा है। यदि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह बारिश का क्रम बना रहता है तो खेती-किसानी को बड़ा लाभ मिलेगा, जलस्रोतों का जलस्तर भी बढ़ेगा और पेयजल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। जिले के किसानों और आमजन की निगाहें अब आगामी दिनों की बारिश पर टिकी हुई हैं, ताकि खरीफ सीजन की शुरुआत बेहतर तरीके से हो सके।

## खबर संक्षेप

### तीन चोरी के मामले में पांच पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** तीन अलग-अलग चोरी मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना उतई थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर 26 और 27 जून के बीच ग्राम पुरई में तीन अलग-अलग जगहों पर मोटर पंप, केबल वायर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले सभी शिवपारा वार्ड 17 निवासी चेतन लाल ओझा, शंकर साहू , सन्नी राजपूत , कृष राजपूत, दुष्यंत साहू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से फ्लो कंपनी का सबमर्सिबल मोटर पंप, एक लुबी कंपनी का सबमर्सिबल मोटर पंप, केबल वायर, साथ ही एक 1.5 एचपी डीप बोर मोटर पंप और केबल वायर शामिल हैं। पहली घटना शिवपारा वार्ड 18, दूसरी मदन ईंट भट्ठी के पीछे स्थित खेत और तीसरी वारदात उतई मेन रोड पर स्थित एक पोल्ट्री फार्म में हुई। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया है।

### शराब पीने रुपए नहीं देने पर धमकी, गिरफ्तार



**भिलाई।** रास्ता रोककर शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि तेलगु मोहल्ला निवासी डी. अजय ने रास्ता रोककर शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने वाले को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पीड़ित के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी डी. अजय को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

### पदोन्नत अधिकारियों को मिले पदोन्नित आदेश

**भिलाई।** बीएसपी में ई-5 और ई-6 के ग्रेड में पदोन्नत 110 अधिकारी व ई-6 से ई-7 पद पर प्रमोट 27 अफसरों को संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने पदोन्नति आदेश वितरित किया। ई-6 से ई-7 पद पर 27 अधिकारियों को पदोन्नत अधिकारियों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के 3 अधिकारी शामिल हैं।

## परफार्मेंस : 1.70 लाख से अधिक किसानों का हुआ पंजीयन

# एग्रीस्टैक पंजीयन में बेमेतरा प्रदेश में अव्वल, पीएम किसान के 93% हितग्राहियों की बनी किसान आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

▪ शेष किसानों से जल्द पंजीयन कराने की अपील



एग्रीस्टैक परियोजना के तहत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों के पंजीयन में बेमेतरा जिले ने पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन, कृषि विभाग, राजस्व विभाग, सहकारी समितियों और मैदानी अमले के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। जिले में एग्रीस्टैक परियोजना के अंतर्गत किसानों के पंजीयन का कार्य लगातार जारी है। अब तक 1 लाख 70 हजार से अधिक किसानों का सफलतापूर्वक एग्रीस्टैक पंजीयन कर उनकी किसान आईडी तैयार की जा चुकी है। जिले में कुल कृषकों की संख्या लगभग 1.86 लाख है, जबकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्र लाभार्थियों की संख्या करीब 1.20 लाख है। शासन ने धान उपार्जन के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्तों का लाभ लेने के लिए भी एग्रीस्टैक किसान आईडी आवश्यक होगी। जिन किसानों की किसान आईडी नहीं बनेगी, उन्हें भविष्य में योजना की किस्त मिलने में परेशानी हो सकती है। जिले में अब तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 93 प्रतिशत लाभार्थियों का एग्रीस्टैक पंजीयन पूरा हो चुका है। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते बेमेतरा जिला प्रदेश में पहले स्थान पर पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार करीब 1301 लाभार्थियों के भूमि अभिलेख संयुक्त खाते में होने के कारण उनका पंजीयन लंबित था। ऐसे मामलों में संबंधित तहसीलदारों द्वारा भू-अभिलेखों का अद्यतन कर पंजीयन प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। वहीं लगभग 4195 लाभार्थियों का पंजीयन मोबाइल फोन उपलब्ध नहीं होने, अन्य राज्यों में पलायन तथा अन्य तकनीकी एवं व्यक्तिगत कारणों से शेष है। जिला प्रशासन इन सभी किसानों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। जिला प्रशासन ने शेष पात्र किसानों से अपील की है कि वे बिना विलंब अपने निकटतम चॉइस सेंटर, सहकारी समिति या निर्धारित पंजीयन केंद्र में जाकर एग्रीस्टैक पोर्टल पर अपना पंजीयन कराएं, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित शासन की अन्य किसान हितैषी योजनाओं का लाभ समय पर मिलता रहे। प्रशासन ने किसानों से अधिक जानकारी और सहयोग के लिए अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी अथवा कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने की अपील की है तथा विश्वास जताया है कि शीघ्र ही जिले के शत-प्रतिशत पात्र किसानों का एग्रीस्टैक पंजीयन पूर्ण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा।

# वार्ड 12 में 19 लाख की आरसीसी सड़क का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

▪ विकास कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता : नपा अध्यक्ष

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 में विकास कार्यों को नई गति देते हुए जिला अस्पताल के पीछे 19 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आरसीसी सड़क का विधिवत भूमिपूजन किया गया। लंबे समय से बेहतर सड़क की मांग कर रहे क्षेत्रवासियों को अब पक्की सड़क की सौगात मिलने जा रही है।

इस निर्माण कार्य के पूरा होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की आधारभूत संरचना भी मजबूत होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क, नाली, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था जैसे विकास कार्यों के माध्यम से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों के जरिए नगर के प्रत्येक क्षेत्र का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 12 में बनने वाली आरसीसी सड़क से स्थानीय लोगों को बारिश के मौसम में कीचड़ और जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। साथ ही जिला अस्पताल आने-जाने वाले लोगों को भी सुगम आवागमन का लाभ मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश ▶▶| शेष पेज 18 पर

# बरसात में गरीबों का आशियाना उजाड़ना अमानवीय : आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



▪ नकटी विस्थापन पर कांग्रेस का हमला, कहा- भाजपा सरकार जनता की पीड़ा से बेपरवाह

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने धरसीवा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नकटी में विधायक निवास निर्माण के लिए किए जा रहे विस्थापन को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में लोगों के सिर से छत छीनना सरकार की संवेदनहीनता का प्रमाण है। छाबड़ा ने जारी बयान में कहा कि प्रशासन द्वारा मकानों को खाली कराकर नया रायपुर के सेक्टर-30 में लोगों के लिए जो अस्थायी व्यवस्थापन किया गया है, वह केवल खानापूर्ति है। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवारों को 1 बीएचके फ्लैट में रहने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि ऐसे परिवारों में कई दंपति और सदस्य होते हैं। ऐसी स्थिति में एक छोटे फ्लैट में रहना संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक निवास निर्माण के लिए शासन के पास अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध थी, लेकिन इसके बावजूद गरीब परिवारों को बेघर करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हुई है और कई बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है, क्योंकि विस्थापन के कारण वे नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि धरसीवा के जनप्रतिनिधियों ने पहले आश्वासन दिया था कि ग्राम नकटी में किसी प्रकार की विस्थापन कार्रवाई नहीं होगी, लेकिन अब जब लोगों के मकानों पर बुलडोजर चल रहा है, तब कोई भी भाजपा जनप्रतिनिधि प्रभावित परिवारों के पक्ष में खड़ा नजर नहीं आ रहा है। आशीष छाबड़ा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार गरीबों, किसानों, कर्मचारियों और आम जनता की समस्याओं के प्रति लगातार उदासीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता की भावनाओं और समस्याओं को नजरअंदाज कर केवल अपने राजनीतिक हितों और दिखावे की राजनीति में लगी हुई है। उन्होंने मांग की कि प्रभावित परिवारों के साथ न्याय किया जाए और उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने जिला जेल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

▪ विधिक सहायता, स्वास्थ्य, भोजन एवं पुनर्वास व्यवस्थाओं की समीक्षा, प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले बंदियों को बांटे प्रमाण-पत्र



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स ने गुरुवार को जिला जेल बेमेतरा का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष सरोज नंद दास ने की।

इस दौरान कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस अधीक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, अपर कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान बोर्ड ने जेल लीगल एड क्लीनिक, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही विधिक सहायता, स्वास्थ्य सेवाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सभी बैरकों का भ्रमण कर बंदियों से चर्चा की और उनकी समस्याओं व सुझावों की जानकारी ली। बंदियों ने बताया कि जेल में सभी के साथ समान व्यवहार किया जाता है तथा किसी प्रकार का जातिगत भेदभाव नहीं है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि जेल के अभिलेखों एवं रजिस्टरों में जाति संबंधी कोई उल्लेख नहीं किया जाता।

बोर्ड ने बंदियों के मानसिक एवं सामाजिक विकास के लिए उपलब्ध मनोरंजन सुविधाओं का भी अवलोकन किया। जेल की दो बैरकों में टेलीविजन की व्यवस्था है, जहां समाचार, योग, आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। इसके अलावा तबला, ढोलक, झांझ, मंजीरा जैसे वाद्ययंत्र तथा लूडो और कैरम जैसी खेल सामग्री भी बंदियों को उपलब्ध कराई गई है। भोजन, पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बोर्ड ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि जेल मैनुअल के अनुरूप प्रतिदिन बदलते मेन्यू के अनुसार पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा मौसमी सब्जियों और दालों का समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में बताया गया कि चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुंदनलाल स्वर्णकार प्रत्येक मंगलवार को बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हैं, जबकि फार्मासिस्ट प्रतिदिन आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। बोर्ड ने स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल लीगल एड क्लीनिक, विधिक सहायता हेल्प डेस्क, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, मुलाकात ▶▶| शेष पेज 18 पर

## बेहतर परिणाम के लिए मॉनिटरिंग, मासिक टेस्ट और मार्गदर्शन पर जोर

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने को जिला स्तरीय कोर ग्रुप व विशेषज्ञ समिति सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने तथा मुख्य परीक्षा 2026-27 के परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कोर ग्रुप समिति एवं जिला स्तरीय विषय विशेषज्ञ समिति की आवश्यक बैठक बुधवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने की।

बैठक में मासिक टेस्ट, समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराने, ब्लूप्रिंट के अनुरूप तैयारी, विभिन्न परीक्षाओं के आयोजन तथा शैक्षणिक गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने कोर ग्रुप एवं विषय विशेषज्ञ समिति के सदस्यों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए निर्धारित जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की सतत निगरानी के लिए जिला स्तरीय कोर ग्रुप समिति का गठन किया गया है। प्रत्येक विकासखंड से दो-दो प्राचार्यों को समिति में शामिल किया गया है, जो अपने-अपने क्षेत्र के विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करेंगे तथा प्रतिमाह अपनी रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत करेंगे। कोर ग्रुप समिति में बेमेतरा विकासखंड से जी.आर. चतुर्वेदी (प्राचार्य, दाढ़ी) एवं मंगेश कुमार कुलकर्णी (प्राचार्य, जेवरा), बेरला विकासखंड से एस.एस. ठाकुर (प्राचार्य, कुसमी) एवं राजेश कुमार पाण्डेय (प्राचार्य, सरदा), तथा साजा विकास खंड से महेश कुमार साहू (प्राचार्य, देवकर) एवं सीमा श्रीवास्तव (प्राचार्य, गाड़ाडीह) को शामिल किया गया है।

बैठक में यह भी बताया गया कि जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विषयवार शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने के लिए जिला स्तरीय विषय ▶▶| शेष पेज 18 पर


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass) • C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

